अनुक्रमांक

नाम

102

# 302(DR)

## 2022

## सामान्य हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :** i) सम्पूर्ण प्रश्नपत्र **दो भागों – खण्ड 'क'** तथा **खण्ड 'ख'** में विभाजित है ।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

### ( खण्ड-क )

1\. क) 'साहित्य-सहचर' के लेखक हैं

i) महावीर प्रसाद द्विवेदी

ii) हजारीप्रसाद द्विवेदी

iii) बाबू गुलाब राय

iv) महादेवी वर्मा । 1





ख) बालकृष्ण भट्ट द्वारा सम्पादित पत्रिका है

i) कवि वचन सुधा

ii) विशाल भारत

iii) साहित्य संदेश

iv) हिन्दी प्रदीप । 1

ग) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है

i) परीक्षा गुरु

ii) आनन्दमठ

iii) तितली

iv) गबन । 1

घ) सरदार पूर्णसिंह किस युग के लेखक हैं ?

i) भारतेन्दु युग

ii) छायावाद युग

iii) द्विवेदी युग

iv) प्रगतिवादी युग । 1

ङ) निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद की कृति है

i) ध्रुवस्वामिनी

ii) आषाढ़ का एक दिन

iii) कुटज

iv) आत्मनेपद । 1

2. क) छायावाद की विशेषता है

i) इतिवृत्तात्मकता

ii) शृंगारिक भावना

iii) सौन्दर्य और प्रेम

iv) उपदेशात्मक वृत्ति । 1

ख) निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ भक्तिकाल का है ?

i) पृथ्वीराज रासो

ii) विनय पत्रिका

iii) साकेत

iv) कामायनी । 1





ग) प्रयोगवाद के प्रवर्तक हैं

i) निराला

ii) जयशंकर प्रसाद

iii) मैथिलीशरण गुप्त

iv) 'अज्ञेय' । 1

घ) 'अनामिका' के रचनाकार हैं

i) अज्ञेय

ii) निराला

iii) महादेवी वर्मा

iv) सुमित्रानंदन पंत । 1

ङ) रीतिकाल का अन्य नाम है

i) शृंगार काल

ii) स्वर्ण काल

iii) उद्भव काल

iv) संक्रान्ति काल । 1

3. दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

राष्ट्र का तीसरा अंग जन की संस्कृति है । मनुष्यों ने युग-युगों में जिस सभ्यता का निर्माण किया है वही उसके जीवन की श्वास-प्रश्वास है । बिना संस्कृति के जन की कल्पना कबंध मात्र है; संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है । संस्कृति के विकास और अभ्युदय के द्वारा ही राष्ट्र की वृद्धि संभव है । राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ-साथ जन की संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है ।

i) राष्ट्र की वृद्धि कैसे संभव है ?

ii) संस्कृति जन का मस्तिष्क किस प्रकार है ?

iii) 'जन की संस्कृति' से आप क्या समझते हैं ?

iv) 'विकास' और 'अभ्युदय' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

v) दिए गये गद्यांश का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए ।

**अथवा**





भाषा की साधारण इकाई शब्द है । शब्द के अभाव में भाषा का अस्तित्व ही दुरूह है । यदि भाषा में विकसनशीलता शुरू होती है तो शब्दों के स्तर पर ही । दैनन्दिन सामाजिक व्यवहारों में हम कई ऐसे नवीन शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, जो अंग्रेजी, अरबी, फारसी आदि विदेशी भाषाओं से उधार लिये गये हैं। वैसे ही नये शब्दों का गठन भी अनजाने में अनायास ही होता है ।

i) किसके अभाव में भाषा का अस्तित्व ही दुरूह है ?

ii) नये शब्दों का गठन कैसे होता है ?

iii) किन विदेशी भाषाओं से शब्द लेकर हम नये शब्दों का इस्तेमाल करते हैं ?

iv) भाषा की साधारण इकाई क्या है ?

v) गद्यांश का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए ।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

तपस्वी ! क्यों इतने हो क्लांत, वेदना का यह कैसा वेग ?<br>
आह ! तुम कितने अधिक हताश, बताओ यह कैसा उद्वेग ?<br>
दुःख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात;<br>
एक परदा यह झीना नील, छिपाये है जिसमें सुख गात ।

i) तपस्वी सम्बोधन किसके लिए किया गया है ?

ii) 'आह !' शब्द से किस भाव को व्यक्त किया गया है ?

iii) दु:ख को रात्रि तथा सुख को नवल प्रभात क्यों कहा गया है ?

iv) 'एक परदा यह झीना नील' का भाव स्पष्ट कीजिए ।

v) पाठ का शीर्षक तथा कवि का नाम लिखिए ।

**अथवा**

सावधान मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार ।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी अज्ञान;
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान,
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार ।।

i) कवि ने मनुष्य को सावधान क्यों किया है ?

ii) कवि ने किसे फेंक देने के लिए कहा है ?

iii) मनुष्य को शिशु और अज्ञान क्यों कहा गया है ?

iv) विज्ञान को तलवार क्यों कहा गया है ?

v) यह पद्यांश किस महाकाव्य का अंश है ?





5. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 3 + 2 = 5

i) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

ii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

iii) वासुदेवशरण अग्रवाल ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों के नाम लिखिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 3 + 2 = 5

i) जयशंकर प्रसाद

ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

iii) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' ।

6. 'ध्रुव-यात्रा' **अथवा** 'बहादुर' कहानी का सारांश लिखिए । ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5

**अथवा**

'पंचलाइट' **अथवा** 'ध्रुव-यात्रा' कहानी के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी **एक** खण्ड के **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5

i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

**अथवा**

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के नायक महात्मा गाँधी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए ।

iii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के 'प्रथम सर्ग' का सारांश लिखिए ।

**अथवा**

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कृष्ण' का चरित्रांकन कीजिए ।

iv) 'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का सारांश लिखिए ।

**अथवा**

'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।





v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

**अथवा**

'त्यागपथी' के आधार पर राज्यश्री का चरित्रांकन कीजिए ।

vi) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के संदेश खण्ड की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**( खण्ड-ख )**

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : $2 + 5 = 7$

धन्योऽयम् भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानस पावनी, भव्यभावोद्भाविनी, शब्द-सन्दोह-प्रसविनी सुरभारती । विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयम् सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्नं च वर्तते । इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोके प्रथिता अस्ति।

**अथवा**

अतीते प्रथमकल्पे चतुष्पदाः सिंहं राजानमकुर्वन् । मत्स्या आनन्दमत्स्यं, शकुनयः सुवर्णहंसम् । तस्य पुनः सुवर्णराजहंसस्य दुहिता हंसपोतिका अतीव रूपवती आसीत । स तस्यै वरमदात् यत् सा आत्मनश्चितरुचितं स्वामिनं वृणुयात् इति । हंसराजः तस्यै वरं दत्वा हिमवति शकुनि सङ्घे संन्यपतत् ।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = 7

न चौरहार्यं न च राजहार्यं
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि ।
व्यये कृते वर्द्धत एवं नित्यं
विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् ।।

**अथवा**

जयन्ति ते महाभागा जन-सेवा परायणाः ।
जरामृत्युभयं नास्ति येसां कीर्तितमोः क्वचित् ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) होश उड़ जाना ।

(ii) अन्धे की लकड़ी होना ।

(iii) आम के आम गुठलियों के दाम

(iv) दाल में काला होना ।





10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'तथेति' का सही सन्धि-विच्छेद है

(अ) तथ + इति

(ब) तथा + इति

(स) तथे + अति

(द) तथा + अति। 1

(ii) 'मध्वरिः' का सही सन्धि-विच्छेद है

(अ) मधू + अरिः

(ब) मधु + आरिः

(स) मधु + अरिः

(द) मध्व + अरिः । 1

(iii) 'हरिश्शेते' का सही सन्धि-विच्छेद है

(अ) हरिश् + शेते

(ब) हरी + शेते

(स) हरीश + सेते

(द) हरिस् + शेते । 1

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'राजानम्' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

(ब) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

(स) द्वितीया विभक्ति, एकवचन

(द) चतुर्थी विभक्ति, द्विवचन । 1

(ii) 'सरित्सु' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) तृतीया विभक्ति, बहुवचन

(ब) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

(स) सप्तमी विभक्ति, एकवचन

(द) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन । 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :

(i) अंस-अंश –

(अ) हिस्सा और कंधा

(ब) हिस्सा और अंकुर

(स) कंधा और हिस्सा

(द) अंकुर और हिस्सा । 1





(ii) बात-वात –

(अ) बातें और हवा

(ब) रोग और दवा

(स) वायु और विकार

(द) विचार और विकार । 1

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो अर्थ लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) पतंग

(ii) नाग

(iii) वर ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही 'शब्द' का चयन करके लिखिए :

(i) जिसका कोई शत्रु पैदा ही न हो –

(अ) अजेय (ब) अजातशत्रु

(स) अजन्मा (द) अनन्त । 1

(ii) जो बहुत कुछ जानता हो –

(अ) बहुज्ञ (ब) सर्वज्ञ

(स) बहुश्रुत (द) बहुपठ । 1

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) मैं भोजन कर लिया हूँ ।

(ii) क्या मेरा तौलिया सूख गया ?

(iii) मैं कलम के साथ लिखता हूँ ।

(iv) मेरा बड़ा भाई आ रहा है ।

(क) 'रौद्र' रस **अथवा** 'भयानक' रस का स्थायी भाव के साथ उदाहरण लिखिए । 1 + 1 = 2

(ख) **'सन्देह'** अलंकार **अथवा** 'रूपक' अलंकार का लक्षण तथा उदाहरण लिखिए । 1 + 1 = 2

(ग) **'चौपाई'** छ ... 'कुण्डलिया' छन्द का लक्षण ... 1 + 1 = 2

13. किसी दैनिक-पत्र के ... ादक पत्र लिखिए जिसमें शहर में फैली संक्रामक बीमारी के ति नगर स्वास्थ्य अधिकारी का ध्यान ... किया गया हो । 2 + 4

**अथवा**





किसी बैंक के प्रबंधक को कोई व्यवसाय करने हेतु ऋण-प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए ।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 2 + 7

(i) पर्यावरण संरक्षण का महत्व

(ii) आजादी का अमृत-महोत्सव

(iii) नई शिक्षा नीति-2020

(iv) आतंकवाद की समस्या

(v) पर्यावरण-संरक्षण : आवश्यकता और महत्व ।

**302(DR) – 2,42,000**